भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1509

जिसका उत्तर 15 दिसम्बर, 2023 को दिया जाना है ।

24 अग्रहायण, 1945 (शक)

राष्ट्रीय सुपरकम्प्यूटिंग मिशन

1509. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सुपरकम्प्यूटिंग ग्रिड बनाकर देश में अनुसंधान क्षमताओं और सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए शुरू किए गए राष्ट्रीय सुपरकम्प्यूटिंग मिशन के अंतर्गत खर्च की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस मिशन के अंतर्गत अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ग) क्या सुपर कम्प्यूटरों की जटिलताओं से निपटने के लिए कुशल इंजीनियर उपलब्ध हैं;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन ('एनएसएम') सुपरकंप्यूटिंग के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा संयुक्त रूप से सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक), पुणे और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। एनएसएम की शुरुआत अप्रैल 2015 में सात वर्षों के लिए 4,500 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ की गई थी। मिशन की गतिविधियों पर अब तक 1,218.14 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। अब तक, देश भर में 20 शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों और अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) प्रयोगशालाओं में कुल 24 पीएफ गणना क्षमता वाले सिस्टम चालू किए गए हैं। **(सूची संलग्न-अनुबंध I)**।उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग और एआई में औपचारिक प्रशिक्षण के लिए चार नोडल केंद्र आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी मद्रास, आईआईटी गोवा और आईआईटी पलक्कड़ में स्थापित किए गए हैं।

******

अनुबंध I

बीस सुपर कंप्यूटर: (नियोजित)

क्रम.सं	संस्थान का नाम	संगणन शक्ति
1.	आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी	838टीएफ(10^{12})
2.	आईआईएसईआर, पुणे	1.7पीएफ(10^{15})
3.	आईआईटी, खड़गपुर	1.66पीएफ
4.	जेएनसीएएसआर, बेंगलुरु	1.8पीएफ
5.	आईआईटी कानपुर	1.66पीएफ
6.	सी-डैक, पुणे	5.2पीएफ/210पीएफ (एआई)
7.	आईआईटी, हैदराबाद	838टीएफ
8.	एनएबीआई, मोहाली	838टीएफ
9.	आईआईएससी, बेंगलुरु	3.3पीएफ
10.	सी-डैक, बैंगलोर	838टीएफ
11.	आईआईटी, रूड़की	1.66पीएफ
12.	आईआईटी, गांधीनगर	838टीएफ
13.	एनआईटी, त्रिची	838टीएफ
14.	आईआईटी, गुवहाटी	838टीएफ
15.	आईआईटी, मंडी	838टीएफ
16.	सी-डैक, पुणे	52.3 टीएफ
17.	आईआईटी, खड़गपुर	52.3 टीएफ
18.	आईआईटी, पलक्कड़	52.3 टीएफ
19.	आईआईटी, चेन्नई	52.3 टीएफ
20.	आईआईटी, गोवा	52.3 टीएफ

****